**देहरादून।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने मसूरी, कोल्हूखेत के पास पानी वाले बैंड के निकट भारी बरसात के चलते हाल ही में पुश्ता दरकने से ढह गई सड़क का औचक निरीक्षण करने के साथ–साथ देहरादून–मसूरी राज्य मार्ग सं.1 के किमी 18 में क्षतिग्रस्त सिंगल लेन सेतु के स्थान पर बन रहे डबल लेन सेतु निर्माण का भी निरीक्षण किया।

लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने शुक्रवार को अचानक दोनों स्थान पर पहुंच कर निर्माण कार्य का जायजा लेने के साथ साथ अधिकारियों को निर्देश दिए कि तय समय पर सड़क को दुरस्त करने के साथ–साथ सेतु का निर्माण किया जाना चाहिए ताकि यातायात सुचारू हो सके। उन्होंने बताया कि गत 20 जुलाई की रात्रि को देहरादून–मसूरी राज्य मार्ग सं.–1 में पानी वाले मोड़ के पास लगभग 20 मीटर लम्बाई में मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था। जिससे मार्ग की चौडाई केवल 2.50 मीटर रह गयी थी। विभाग द्वारा तत्काल जेसीबी मशीनों से कार्य प्रारम्भ कर दिया गया था। वर्तमान में अतिरिक्त पहाड़ कटान हेतु वार्ता की जा रही है, ताकि आवागमन सुचारू रूप से चल सके। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि आज उत्तराखण्ड की स्लोप ट्रीटमेंट की एक्सपर्ट संस्था यूएलएलएमसी के द्वारा मोटर मार्ग के किमी0 20 एवं किमी 25 में निरीक्षण किया गया है, ताकि सुरक्षात्मक कार्य शीघ्र प्रारम्भ किये जा सके। लोनिवि मंत्री महाराज ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र मसूरी में देहरादून–मसूरी राज्य मार्ग सं. 1 के किमी 18 में क्षतिग्रस्त सिंगल लेन सेतु के स्थान पर 12 करोड की लागत से 60 मीटर स्पान डबल लेन कलास ए/70 आर लोडिंग स्टील बॉक्स सेतु का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सेतु का फैब्रिकेशन 100 प्रतिशत पूर्ण एवं ग्राउण्ड इरैक्शन का कार्य चल रहा है, जो कि 30 जुलाई तक पूर्ण कर लिया जायेगा। देहरादून की तरफ से 7 पाईलों की खुदाई एवं कंक्रीटिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है जबकि कुछ 2 पाईलों का कार्य भी 30 जुलाई 2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। इसके अलावा मसूरी की तरफ से 9 पाईलों में से 3 की खुदाई एवं कंक्रीटिंग का कार्य पूरा करने के साथ ही शेष 2 पाईलों का कार्य गतिमान है। कार्य में तेजी लाने हेतु देहरादून की तरफ रिंग मशीन द्वारा खुदाई का कार्य भी किया जा रहा है। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता राजेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता ओपी सिंह और अधिशासी अभियंता राजेश कुमार मौजूद थे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यो के लिये ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती है:–

**क्रम सं.-01,** निविदा सूचना सं०: इज्जत.-इले.-ओ.टी.-22-2026, दिनांक 21-07-2026, कार्य का नामः इज्जतनगर मण्डल के हॉल्ट स्टेशनों का सामान्य विद्युतीकरण; विभिन्न स्थानों पर पुराने पोस्टपेड एनर्जी मीटर के स्थान पर प्रीपेड एनर्जी मीटर का प्रावधान; Sr. ADEN/FGR/IZN के अधीन समपारों पर शौचालयों का प्रावधान एवं NSG-3 से NSG-6 स्टेशनों पर दिव्यांगजनों की सुविधा का प्रावधान (उपरिगामी पुल एवं लिफ्ट हेतु रैम्प को छोड़कर) से सम्बन्धित सामान्य विद्युतीकरण कार्य। **विवरण:** अनुमानित लागत रू. में: ₹ 2,18,50,234.32, धरोहर राशि रू. में: ₹ 4,37,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू.में: शून्य, निविदा का प्रकार: खुली निविदा, ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय: 12-08-2026, 15:00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: 09 माह।

• इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जायेगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट ***http://www.ireps.gov.in*** पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिये। • निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वे समय–समय पर ऑन लाइन जारी किये गये शुद्धिपत्र की जाँच करे, यदि कोई हो। समाचार पत्र में अलग से कोई प्रकाशन जारी नहीं किया जायेगा।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)
मुजाधि/विद्युत-103 इज्जतनगर

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**


# देश के 536114 गांवों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था विकसित

उत्तर उजाला ब्यूरो

**देहरादून/ नई दिल्ली।** सांसद हरिद्वार एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा लोकसभा में घरेलू कचरे के पृथक्करण, वैज्ञानिक निस्तारण, खाद निर्माण तथा सामुदायिक स्तर पर ठोस एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ करने के संबंध में पूछे गए प्रश्न का केंद्र सरकार ने विस्तृत लिखित उत्तर दिया है।

अपने प्रश्न के माध्यम से रावत ने जानना चाहा था कि क्या केंद्र सरकार ग्राम पंचायतों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों और आवास समितियों को अपशिष्ट प्रबंधन के लिए वित्तीय सहायता, अनुदान या प्रोत्साहन उपलब्ध करा रही है तथा सामुदायिक स्तर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों के विकास के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं।आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने अपने लिखित उत्तर में बताया कि स्वच्छ भारत मिशन–शहरी 2.0 के अंतर्गत राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को उनकी स्वीकृत कार्य योजनाओं के आधार पर केंद्रीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिसे आगे शहरी स्थानीय निकायों तक पहुंचाया जाता है। वहीं स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण के तहत राज्यों को उनकी वार्षिक कार्ययोजना, प्रदर्शन और बजटीय उपलब्धता के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। सरकार ने यह भी जानकारी दी कि एसबीएम–यू 2.0 के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 10,930.12 करोड़ रुपये का केंद्रीय प्रावधान किया गया है, जिसमें से 10,566.42 करोड़ रुपये की कार्य योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इसके अलावा 20 जुलाई 2026 तक देश के 5,36,114 गांवों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था विकसित की जा चुकी है।

ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक विकासखंड में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई की स्थापना हेतु अधिकतम 16 लाख रुपये तक की सहायता का भी प्रावधान किया गया है। प्रश्न के जरिए सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज, स्वच्छ पर्यावरण और आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है।

# निष्पक्ष चुनाव में प्रेक्षकों की सक्रिय उपस्थित महत्वपूर्ण

### वैश्विक स्तर पर चुनाव प्रेक्षकों की भूमिका पर हुआ महामंथन




उत्तर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में मॉडल स्टेंडर्स फॉर इलेक्टोरल ऑब्जर्वर विषय पर एक दिवसीय इंरटनेशनल कांफ्रेंस आयोजित की गई। इस कांफ्रेंस में अब तक संयुक्त राज्य अमेरिका, रोमानियां, आयरलैंड, इंडोनेशिया, उजवेगिस्तान, हंगरी, नेपाल के चुनाव प्रबंधन इकाईयों प्रतिनिधियों सहित 20 से अधिक विश्वविद्यालयों के शिक्षाविद सहित विभिन्न संकायों के 400 से अधिक प्रतिभागियों ने हाईब्रिड मोड में हिस्सा लिया।

कांफ्रेंस के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह सम्मेलन इंटरनेशनल आईडिया की अध्यक्षता के दौरान भारत की उस भावना को दर्शाता है, जिसके अंतर्गत शिक्षाविदों, चुनाव प्रबंधन इकाईयों तथा अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर ज्ञान के आदान–प्रदान कर चुनाव प्रबंधन ईकाईयों को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक चुनाव प्रेक्षक की भूमिका स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया का मॉनिटर कर निर्वाचन में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जनविश्वास को सुदृढ़ बनाने में योगदान देना है।

भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार भारती ने वर्चुअल माध्यम से कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रेक्षकों की सक्रिय एवं निष्पक्ष उपस्थिति से चुनाव के दौरान इलेक्शन मशीनरी अधिक प्रभावी, पारदर्शी और उत्तरदायी ढंग से कार्य करती है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता का निर्वाचन प्रक्रिया पर विश्वास हर परिस्थिति में अक्षुण्ण बना रहना चाहिए यही प्रत्येक प्रेक्षक का सर्वोच्च दायित्व है। उद्घाटन सत्र के दौरान ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी की वीसी प्रो. तवस्सुम नकवी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न शिक्षण संस्थाओं एवं विषय विशेषज्ञों के समन्वय से आधुनिक ट्रेनिंग मॉड्यूल तैयार करने के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। कांफ्रेंस के दूसरे सत्र में परिचर्चा के दौरान सीजीएसटी देहरादून के अपर आयुक्त अरुण गुप्ता ने चुनाव में व्यय प्रेक्षक की भूमिका के बारे में विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बताया कि वर्तमान में चुनाव के दौरान डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफार्म में प्रत्याशियों के प्रचार प्रसार के नए–नए तरीकों पर भी और प्रभावी निगरानी तंत्र विकसित करने की सम्भावना है।

# शीर्ष कॉर्पोरेट करदाता का सम्मान ओएनजीसी के नाम

उत्तर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** शुक्रवार को आयकर विभाग के तत्वावधान में 167वें आयकर दिवस के अवसर पर ओएनजीसी ऑडिटोरियम, देहरादून में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अपर्णा करण, प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, कानपुर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में स्वागत संबोधन श्रीमती सुनीता सिंह प्रधान आयकर आयुक्त, देहरादून ने दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डा.रेनूका जैन गुप्ता मुख्य आयकर आयुक्त, देहरादून तथा गेस्ट ऑफ ऑनर श्रीमती शेफाली स्वरूप, मुख्य आयकर आयुक्त, गाजियाबाद ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में आयकर विभाग, उत्तर प्रदेश (पश्चिम) एवं उत्तराखण्ड क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।समारोह का प्रमुख आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा, जिसमें आयकर विभाग के कर्मचारियों द्वारा %नोटिस पीरियड% नाट्य का मंचन किया गया। इस अवसर पर आयकर विभाग द्वारा प्रदेश के शीर्ष 10 करदाताओं को सम्मानित किया गया। ओएनजीसी को वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए टॉप कॉर्पोरेट करदाता के सम्मान से नवाजा गया। इसके साथ ही आयकर विभाग द्वारा आयोजित चित्रकला एवं कहानी लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, बार एसोसिएशन तथा शहर के विभिन्न व्यापार मंडलों के पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में एसके चटर्जी आयकर आयुक्त (अपील) ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

# अभिनेता अमन वर्मा उत्तराखंड में फिल्म शूटिंग पर करेंगे विचार



**देहरादून।** बॉलीवुड फिल्म अभिनेता अमन वर्मा ने शुक्रवार को उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के कार्यालय में सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक एवं नोडल अधिकारी केएस चौहान से मुलाकात की तथा उत्तराखण्ड की फिल्म नीति के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर केएस चौहान द्वारा उन्हें 'जागेश्वर मन्दिर' का प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया।

इस दौरान अमन वर्मा, उत्तराखण्ड की फिल्म नीति से अत्यधिक प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में बहुत ही शानदार शूटिंग लोकेशन हैं। वे शीघ्र ही उत्तराखण्ड में फिल्म शूटिंग के सम्बन्ध में विचार करेंगे। अमन वर्मा द्वारा 26 जुलाई को सांय 7 बजे 'हिमालयन कल्चरल सेन्टर नींबूवाला में ''किस्मत पैलेस'' नाटक का मंचन भी किया जा रहा है। परिषद के नोडल अधिकारी केएस चौहान ने बताया कि उत्तराखण्ड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में फिल्म शूटिंग को प्रोत्साहन देने के लिए फिल्म नीति लागू की गई है। फिल्म नीति के तहत फिल्म निर्माताओं को हर सम्भव सहायता प्रदान की जा रही है। उत्तराखंड में फिल्माई गई हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्मों को 3 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। वेब सीरीज और विदेशी फिल्मों को भी सब्सिडी के दायरे में शामिल किया गया है।उन्होंने बताया कि प्रदेश में फिल्म शूटिंग की अनुमति अब ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही है।


**इण्डिया ग्लाईकोल्स लिमिटेड**

सी आई एन: L24111UR1983PLC009097
**पंजीकृत कार्यालय:** ए–1, इंडस्ट्रियल एरिया, बाजपुर रोड, काशीपुर–244713, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड
**दूरभाष:** +91 5947 269000/269500; **फैक्स:** +91 5947 275315/269535
**ई–मेल:** compliance.officer@indiaglycols.com; **वेबसाइट:** www.indiaglycols.com

**42वीं वार्षिक आम बैठक,**
**ई–वोटिंग जानकारी की सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इण्डिया ग्लाईकोल्स लिमिटेड (''कम्पनी'') के सदस्यों की 42वीं वार्षिक आम बैठक (''ए जी एम'') **बुधवार, 19 अगस्त, 2026 को प्रात: 11.00 बजे विडियो कॉन्फ्रेंसिंग (''वी सी'')/अन्य ऑडियो विडियो माध्यमों (''ओ ए वी एम'') सुविधा** के माध्यम से सूचना में निर्धारित कारोबार के निष्पादन के लिए आयोजित की जाएगी। कम्पनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') के लागू प्रावधानों और उसके अंतर्गत निर्मित नियमों तथा सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (''सेबी'') (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेगुलेशन्स, 2015 यथा संशोधित (''सेबी लिस्टिंग रेगुलेशन्स'') के लागू प्रावधानों के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी किये गये परिपत्र सं. 20/2020, 02/2021, 19/2021, 02/2022, 10/2022, 09/2023, 09/2024 एवं 03/2025 दिनांक 5 मई, 2020, 13 जनवरी 2021, 8 दिसंबर 2021, 5 मई, 2022, 28 दिसंबर, 2022, 25 सितंबर, 2023, 19 सितंबर, 2024 एवं 22 सितंबर, 2025 परिपत्र संख्या 14/2020 और 17/2020, दिनांक 8 अप्रैल, 2020 और 13 अप्रैल, 2020, क्रमशः के साथ मिलकर पढ़ें। (सामूहिक रूप से संदर्भित''एम सी ए परिपत्रो'') ए जी एम का अनुमानित स्थल पंजीकृत कार्यालय अर्थात् ए–1, इंडस्ट्रियल एरिया, बाजपुर रोड, काशीपुर–244713, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड होगा।

एम सी ए परिपत्रों और सेबी लिस्टिंग रेगुलेशन्स के अनुपालन में, 42वीं ए जी एम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए वार्षिक रिपोर्ट जिसमें अन्य बातों के अतिरिक्त 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कम्पनी के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण (समेकित वित्तीय विवरण सहित), उस पर लेखापरीक्षकों एवं बोर्ड की रिपोर्ट शामिल है, उन सभी सदस्यों को केवल ई–मेल के माध्यम से भेज दी गई है जिनके ई–मेल पते कम्पनी/रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट या उनके संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (''डी पी'') के पास पंजीकृत हैं और इसे भेजने का कार्य शुक्रवार, 24 जुलाई, 2026 को पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा, सेबी लिस्टिंग रेगुलेशन्स के रेगुलेशन 36(1)(b) के अनुपालन में, उन सभी शेयरधारकों को एक पत्र भेजा गया है, जिनके ई–मेल पते कंपनी/आरटीए/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास पंजीकृत नहीं हैं, जिसमें नोटिस और वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए वार्षिक रिपोर्ट तक पहुंचने के लिए वेब–लिंक, सहित सटीक पाथ प्रदान किया गया है। 42वीं ए जी एम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.indiaglycols.com, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (''एन एस डी एल'') की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com, और स्टॉक एक्सचेंजों, बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है। सदस्यगण जिन्हे 42वीं ए जी एम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त नहीं होती हैं, वे इसे कंपनी की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं या कंपनी सचिव को compliance.officer@indiaglycols.com पर लिख सकते हैं।

इसके अलावा, सदस्यगण वित्त वर्ष 2025–26 के लिए वार्षिक रिपोर्ट निम्नलिखित लिंक से सीधे प्राप्त कर सकते हैं:–

https://www.indiaglycols.com/wp-content/uploads/annual-report-2025-26.pdf

सदस्यगण जिन्होंने अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं कराया है वे नीचे दिये गये निर्देशों का पालन करके वित्तीय वर्ष 2025–26 की वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने हेतु ई–मेल का पंजीकरण कराएं:

| | |
|---|---|
| भौतिक धारिता | भौतिक प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे सदस्य का नाम, फोलियो नम्बर एवं सदस्य का पता, पैन कार्ड की स्व–सत्यापित प्रति, आधार कार्ड की स्व–सत्यापित प्रति और शेयर प्रमाणपत्र (आगे एवं पीछे) की प्रति वर्णित करते हुए हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की कॉपी के साथ लिखित अनुरोध आर टी ए, अर्थात एम सी एस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड, 179–180, तृतीय तल, डीएसआईडीसी शेड, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज–1, नई दिल्ली–110020 या ई–मेल: admin@mcsregistrars.com के माध्यम से भेजकर अपना ई–मेल पता पंजीकृत/अपडेट कराएं। |
| डिमैट धारिता | डिमेटिरियलाइज्ड प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे भौतिक धारिता के अंतर्गत उपरोक्त वर्णित प्रक्रिया का पालन करके क्लाइंट मास्टर कॉपी या समेकित डिमेट खाता विवरण की स्व–सत्यापित स्कैन कॉपी के साथ फोलियो नं. के स्थान पर 16 अंकों वाली डीपीआईडी एवं क्लाइंट आईडी भेजकर अपना ई–मेल पता पंजीकृत/अपडेट कराएं। |

सदस्य कृपया ध्यान दें कि, सेबी लिस्टिंग रेगुलेशन्स और 6 फरवरी, 2026 के सेबी मुख्य सर्कुलर नंबर HO/38/13/(4)2026-MIRSD-POD/I/4298/2026 के अनुसार, अब लाभांश का कोई भी भुगतान केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ही करना अनिवार्य है। तदनुसार, लाभांश प्राप्त करने के लिए, सदस्यों से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके केवाईसी विवरण और बैंक खाते की जानकारी अपडेट और सत्यापित हो। जिन सदस्यों के पास डीमैट रूप में शेयर हैं, वे अपने बैंक और अन्य केवाईसी विवरण अपने डिपॉजिटरी पार्टीसिपेंट के पास अपडेट करें। जिन सदस्यों के पास भौतिक रुप में शेयर प्रमाणपत्र हैं, उनसे अनुरोध है कि, वे कंपनी की वेबसाइट www.indiaglycols.com पर उपलब्ध निर्धारित फॉर्मों में अपने पैन, केवाईसी और बैंक खाते के विवरण आरटीए के पास अपडेट करें।

कंपनी अधिनियम की धारा 108 और इसके तहत लागू नियमों तथा सेबी के सूचीबद्धता विनियमों के विनियमन 44 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी अपने सदस्यों को ए जी एम में निपटाए जाने वाले प्रस्तावों के संबंध में ए जी एम से पहले रिमोट ई–मतदान और ए जी एम के दौरान ई–मतदान की सुविधा प्रदान कर रही है और इस उद्देश्य के लिए, कंपनी ने इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा के लिए एनएसडीएल को नियुक्त किया है। ए जी एम के नोटिस में, अन्य बातों के अलावा, रिमोट ई–मतदान और ए जी एम के दौरान ई–मतदान की प्रक्रिया और तरीके का उल्लेख किया गया है और साथ ही, ए जी एम में भाग लेने के निर्देश और उन सदस्यों के लिए लॉगिन क्रेडेंशियल से संबंधित निर्देश भी शामिल हैं, जिनके पास भौतिक रुप में या डिमैट फॉर्म में शेयर हैं और जिन्होंने कंपनी/आरटीए/डिपी के पास अपनी ईमेल आईडी पंजीकरण नहीं कराई है। सदस्यों के रिमोट ई–मतदान/ई–मतदान व्दारा मतदान के अधिकार कट–ऑफ तिथि यानी बुधवार, 12 अगस्त, 2026 को कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होंगे।

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि: (a) 42वीं ए जी एम के नोटिस में निर्धारित प्रस्तावों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान व्दारा निपटाया जा सकता है; (b) रिमोट ई–मतदान **शनिवार, 15 अगस्त, 2026 को सुबह 9:00** बजे शुरू होगी; (c) रिमोट ई–मतदान **मंगलवार, 18 अगस्त, 2026 को शाम 5:00** बजे समाप्त होगी; (d) रिमोट ई–मतदान/ई–मतदान के लिए सदस्यों के अधिकारों की गणना करने की कट–ऑफ तिथि **बुधवार, 12 अगस्त, 2026** है; (e) **मंगलवार, 18 अगस्त, 2026 को शाम 5:00** बजे के बाद रिमोट ई–मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी; (f) 42वीं ए जी एम के दौरान भी ई–मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी; (g) जिन सदस्यों ने ए जी एम से पहले रिमोट ई–मतदान व्दारा प्रस्तावों पर अपना मत डाल दिया है, वे वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ए जी एम में भाग लेने के लिए पात्र होंगे, लेकिन उन्हें 42वीं ए जी एम के दौरान दोबारा मत डालने का अधिकार नहीं होगा; (h) केवल वही व्यक्ति रिमोट ई–मतदान और ए जी एम के दौरान ई–मतदान की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा, जिसका नाम कट–ऑफ तिथि यानी **बुधवार, 12 अगस्त, 2026** को डिपॉजिटरी व्दारा बनाए गए सदस्यों/लाभकारी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज होगा; (i) जिन व्यक्तियों ने इलेक्ट्रॉनिक रूप से नोटिस भेजे जाने के बाद शेयर खरीदे हैं और कंपनी के सदस्य बने हैं, तथा कट–ऑफ तिथि यानी **बुधवार, 12 अगस्त, 2026** को उनके पास शेयर हैं, वे evoting@nsdl.com या admin@mcsregistrars.com पर अनुरोध भेजकर अपना लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं; और (j) किसी भी प्रकार के प्रश्नों या शंकाओं के मामले में, सदस्य evoting@nsdl.com के डाऊनलोडस् सेक्शन में उपलब्ध सदस्यों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूज) और ई–मतदान यूजर मैनुअल देख सकते हैं; या सुश्री पल्लवी म्हात्रे, उप उपाध्यक्ष, एनएसडीएल, तीसरी मंजिल, नमन चैंबर, प्लॉट सी–32, जी–ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा ईस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र – 400051 से उनके निर्दिष्ट ईमेल पते evoting@nsdl.com पर या फोन नंबर 022– 48867000 पर संपर्क कर सकते हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग से जुड़ी शिकायतों का समाधान भी करेंगी। सदस्य कंपनी सचिव को compliance.officer@indiaglycols.com पर ईमेल भी कर सकते हैं या प्रधान कार्यालय को प्लॉट नंबर 2–बी, सेक्टर 126, नोएडा– 201304, उत्तर प्रदेश के पते पर अपना पत्र भेज सकते हैं।

कम्पनी ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से ई–वोटिंग और रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया की जांच के लिए श्री आशीष सक्सेना (सी.पी. नं. 7096), आशीष सक्सेना एंड कं., कम्पनी सचिव, गाजियाबाद को जांचकर्ता के रूप में नियुक्त किया है।

**कृते इण्डिया ग्लाईकोल्स लिमिटेड**
हस्ता./–
**अंकुर जैन**
**कम्पनी सचिव**

**स्थान : नोएडा, उ. प्र.**
**दिनांक : 24 जुलाई, 2026**



**कुमाऊं मण्डल विकास निगम लिमिटेड**
**(उत्तराखण्ड सरकार का प्रतिष्ठान)**
**ओक पार्क हाउस, नैनीताल–263001**

सं.: 1460 दिनांक: 24.07.2027

**प्रतिनियुक्ति सूचना**

कुमाऊँ मण्ड़ल विकास निगम लि0, नैनीताल में 01 **सहायक अभियन्ता (सिविल)** तथा 02 अवर अभियन्ता (सिविल) के पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने हेतु उत्तराखण्ड राज्य अन्तर्गत शासकीय, अर्द्ध शासकीय एवं स्वायतशासी विभागों/निगमो में कार्यरत कार्मिकों से **दिनांक 07.08.2026** तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जाते है, प्रतिनियुक्ति से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी **www.kmvn.in** में उपलब्ध है । इस प्रतिनियुक्ति के सम्बन्ध में भविष्य में कोई भी परिवर्तन होने की दशा में परिवर्तन का प्रकाशन केवल **www.kmvn.in** के माध्यम से ही किया जायेगा ।

प्रबन्ध निदेशक



**कोटेशन आमंत्रण सूचना**

जिला परियोजना प्रबंधन इकाई, ग्रामोत्थान (ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना–REAP) चम्पावत द्वारा कार्यालयीय कार्यों हेतु Mahindra Bolero वाहन को चालक सहित वार्षिक अनुबंध के आधार पर उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक एवं पात्र वाहन स्वामियों/फर्मों/ट्रैवल एजेंसियों से सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं।

कोटेशन (RFQ) प्रपत्र एवं शर्तें जिला परियोजना प्रबंधन इकाई, ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना, जनपद चम्पावत, विकास भवन कक्ष संख्या 24 से दिनांक 25 जुलाई 2026 से दिनांक 31 जुलाई 2026 पूर्वाह्न 10. 00 बजे से अपराह्न 4. 00 बजे तक प्राप्त कर जमा किए जा सकते हैं।

**बिना कोई कारण बताए तथा बिना किसी पूर्व सूचना के कोटेशन प्रक्रिया को किसी भी स्तर पर स्थगित अथवा निरस्त किया जा सकता है।**

**ममराज सिंह चौहान**
**जिला परियोजना प्रबन्धक**



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., नैनीताल**

पत्रांक: 2438/ 17 एमजी E mail-eepdpwdntl@gmail.com दिनांक: 24.07.2026

**नीलामी सूचना**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय नैनीताल में न्यायालय की निष्प्रयोज्य सामग्री (इलैक्ट्रानिक्स मद, क्राक्ररी, प्रिन्टर, कारिटेज बैटरियॉ, कागज, गत्ता इत्यादि) जहॉ है जैसा है के आधार पर गठित समिति के आधार पर नीलामी की सूचना प्रकाशित की जाती है।**

**यह नीलामी मा0 उच्च न्यायालय परिसर नैनीताल कोर्ट परिसर में सक्षम समिति के सम्मुख सम्पन्न किया जायेगा। प्रस्तावित स्थल पर आम नीलामी दिनांक 27.07.2026 शाम 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उक्त कार्यालय में की जायेगी। सभी इच्छुक व्यक्तियों को नीलामी से पूर्व अपरान्ह 2.00 बजे तक रू0 1000.00 की धनराशि एन0एस0सी0, डाकघर बचत बैंक पासबुक अथवा भारत के किसी अनुसूचित बैंक की जमा रसीद (एफ0डी0आर0) के रूप में जो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक हो जमा करनी होगी। नीलामी सम्बन्धित सूचना नीलामी के समय उक्त स्थान पर उपलब्ध होगी।**

**निम्नलिखित शर्ते :–**

1. बोलीदाता को बोली से पूर्व रू0 1000.00 मात्र की धनराशि एन0एस0सी0, डाकघर बचत बैंक पासबुक अथवा भारत में किसी अनुसूचित बैंक की जमा रसीद (एफ0डी0आर0) के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, नैनीताल के पदनाम से बन्धक के रूप में जमा करनी होगी। जमानत धनराशि नीलामी की तिथि दिनांक 27.07.2026 को 2.00 बजे तक जमा की जायेगी।
2. बोलीदाता को सुझाव दिया जाता है कि बोली बोलने से पूर्व स्थल पर सामग्री को भली– भांति देख ले।
3. किसी भी बोली की बोली को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
4. जिस बोलीदाता की बोली स्वीकृत होगी, उसके स्वीकृति के दिन से 7 दिन के भीतर सामग्री को उक्त स्थल से हटाना होगा।
5. निर्धारित समय के अन्तर्गत यदि सामग्री को हटाने का कार्य नही होगा तो अधिकतम बोलीदाता से रू0 500.00 मात्र प्रतिदिन के हिसाब से अर्थदण्ड लगाते हुए वसूली की जायेगी। यदि 7 दिन के अन्दर सामग्री को नही हटाया जाता है, तो जमा धनराशि सामग्री सहित राजकीय हित में जब्त करते हुए अन्य एजेन्सी से उक्त कार्य करवा लिया जायेगा।
6. निस्प्रयोज्य सामग्री की न्यूनतम मूल्य 55029.00 मात्र एवं 18% Gst रू0 9905.22 कुल मूल्य रू0 64934.22 अंकलित की गयी है तथा उक्त सामग्री की उच्चतम बोलीदाता को अपनी बोली का पूर्ण धनराशि + 18 % Gst अलग–अलग नकद/डिमांड ड्राफ्ट अधोहस्ताक्षरी के नाम बन्धक करने के उपरान्त बोली की समाप्ति के 3 दिन के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा तथा दिये गये समय के भीतर सामग्री नही उठाई जाती है तो उच्चतम बोलीदाता की जमा धनराशि राजकीय हित में जब्त कर ली जायेगी। जिस हेतु कोई दावा मान्य नहीं होगा।
7. बोली की अन्तिमीकरण से सामग्री को हटाने तथा सामग्री की सुरक्षा का दायित्व बोली दाता का होगा।
8. सामग्री की सावधानी पूर्वक हटाया जाये जिससे किसी प्रकार की कोई दुर्घटना ना हो।
9. उच्चतम बोलीदाता, जिसके पक्ष में नीलामी हुई है, के द्वारा सामग्री को हटाने के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना व क्षति होने पर उच्चतम नीलामी बोलीदाता का उत्तरदायित्व होगा।
10. नीलामी सामग्री जहॉ व जैसी कि स्थिति के आधार पर की जायेगी।

**अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., नैनीताल**



**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), 33/11 के0वी0 उपसंस्थान परिसर कमलुवागांजा, हल्द्वानी (नैनीताल)
कारपोरेट आईडिन्टीटी संख्या : U40109UR2001SGC025867 दूरभाष : 05946-292040

**विद्युत बाधित सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के समस्त सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि खण्ड के अन्तर्गत निर्माणाधीन 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, जयपुर पाडली हल्द्वानी हेतु 33 के०वी० लाईन निर्माण के लिये शटडाउन प्रस्तावित किये गये हैं। उक्त कार्य के दौरान निम्न् विवरणानुसार विद्युत आपूर्ति पूर्णतः एवं आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

| क्र0 सं0 | आपूर्ति बन्द रहने का दिनांक एवं समय | | 33/11 के०वी० विद्युत उपसंस्थान का नाम | बाधित 11 के०वी० फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| | दिनांक | समय | | | |
| 1 | दि० 25.07.2026 से दि० 31.07.2026 तक | प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक | कठघरिया | बसानी | 11 के०वी० बसानी फीडर से सम्बन्धित समस्त क्षेत्र। |

अतः विद्युत सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये समस्त जनता से अनुरोध है कि वे उपरोक्त कार्य के दौरान कार्यस्थल पर आवागमन ना करते हुये अपनी सामाग्री की सुरक्षा करें साथ ही अपने नन्हे मुन्ने बच्चों एवं पालतु पशु को कार्य स्थल पर ना जाने दें। उक्त कार्य की जटिलता को देखते हुये आप सभी को अवगत कराना है कि उपरोक्त दिवस की समयावधि में थोड़ा बहुत परिवर्तन हो सकता है, जिस हेतु विद्युत विभाग को सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

**No. : 553/EE(CM)/UPCL /A-2**
**Date : 24.07.2026**

**अधिशासी अभियन्ता**

**राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं0 1912) विद्युत बिलों के-24X7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185/ फैक्स संख्या: 0135-2760911 पर दें।**



Website http://www.uamandi.org
mandigdr@gmail.com

**कार्यालय**
**कृषि उत्पादन मण्डी समिति, गदरपुर**
**अनाज मण्डी, गदरपुर (ऊधमसिंह नगर)**

पत्रांक: कृ0उ0म0स0/जैविक लाई0/2026–27/ 260 दिनांक 24.07.2026

**आवश्यक सूचना**

कृषि उत्पादन मण्डी समिति गदरपुर (ऊधमसिंह नगर) में प्रधान मण्डी स्थल, उपमण्डी स्थल एवं मण्डी क्षेत्रान्तर्गत जैविक श्रेणी का कारोबार करने के इच्छुक व्यक्ति/फर्म को सूचित किया जाता है कि दिनांक 05.08.2026 तक जैविक लाईसेन्स, पुरानी अनाज मण्डी स्थित कार्यालय में निर्धारित शर्तो के आधार पर आवेदन कर लाईसेन्स प्रात कर ले उपरोक्त तिथि के पश्चात उक्त श्रेणी के लाईसेन्स निर्गत नहीं किये जायेगें, शर्ते किसी भी कार्यदिवस कार्यालय में देखी जा सकती है।

**आशा गोस्वामी** — **सचिव**
**ऋचा सिंह** — **प्रभारी अधिकारी/सभापति**
**कृषि उत्पादन मण्डी समिति गदरपुर ( ऊधमसिंह नगर )**